लखनऊ, शुक्रवार 23 सितंबर 2016 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 रुपये आरएनआई संख्या-UPHIN-2008/44651 ई-पेपर : www.dainikprabhat.in वर्ष 8, अंक 332

लखनऊ, मेरठ, गाजियाबाद एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

प्रभात

सीधी बात-सच्ची बात

प्रभात प्रकाशन का 72वां साल

सुविचार

भक्ति का अर्थ केवल कर्मकाण्ड करना नहीं, बल्कि समग्र मानवता से भावनात्मक आधार पर जुड़ जाना है।

आज का मार्केट	निफ्टी : 8,790.30 सेंसेक्स : 28,689.36	आज का भाव	सोना (10 ग्रा.) : 31,250 चांदी (प्र. कि.ग्रा.) : 46,200	आज का मौसम	सूर्योदयः 06 : 11 सूर्यास्तः 06 : 10	आज का तापमान	अधिकतम : 30 डिग्री न्यूनतम : 24 डिग्री

हायर एजूकेशन का विजेता बना एसएमएस लखनऊ

प्रो. भरत राज सिंह शिक्षा गौरव पुरस्कार 2016 से सम्मानित

पुरस्कार ग्रहण करते प्रो. भरत राज सिंह

लखनऊ। प्रभात

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ को 'हायर एजूकेशन' पुरस्कार के श्रेणी एक में और उपलब्धि प्राप्त हुयी है। एसएमएस के निदेशक (तकनीकी) प्रो0 (डा0) भरत राज सिंह को 'शिक्षा गौरव पुरस्कार-2016' से सम्मानित किया गया है। 21 सितम्बर को इण्डिया इन्टरनेशनल सेन्टर, नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में अध्यक्ष ए0आई0सी0टी0ई0 (आल इण्डिया काउसिंल आफ टेक्निकल एजुकेशन), प्रो. (डा0) अनिल डी0 सहस्राबुधे, सदस्य सचिव- प्रो0 (डा0) ए0 पी0 मित्तल, व निदेशक, डा0 मनप्रीत सिंह मन्ना ने प्रो. सिंह को शिक्षा गौरव पुरस्कार-2016 देकर सम्मानित किया। उपरोक्त अवार्ड रेल मंत्री सुरेश प्रभु, पूर्व मंत्री अरिफ मोहम्मद खान, सदस्य लोकसभा व पूर्व पुलिस कमिश्नर सत्यपाल सिंह तथा सदस्य लोकसभा डा0 अनिल कुमार तथा देश के विभिन्न प्रदेशों से आए लगभग 20 कुलपतियों की उपस्थिति में शिक्षा के क्षेत्र में अतिविशिष्ट व सराहनीय कार्यों हेतु प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन सेन्टर फार एजुकेशन ग्रोथ व रिसर्च (सी.ई.जी.आर.) के द्वितीय शिक्षा समिति की परिचर्चा के दौरान उपलब्ध कराये गये।